## खबर संक्षेप



### वन विभाग की टीम ने भारी मात्रा में पकड़ी इमारती लकड़ी

**मैहर।** वन विभाग की टीम द्वारा वार्ड नंबर 14 स्थित एक मकान पर छापा मारकर कार्रवाई की गई इस दौरान डिप्टी रेंजर रविशंकर यादव,पी सी मिश्रा वन रक्षक, अखिलेश सिंह,मनोज सिंह,माधुरी चतुर्वेदी, घनश्याम वनरक्षक माजूद रहे है। मौके से लकड़ी फर्नीचर आदि बरामद की गई। वहीं ग्राम ढाणी में भी छापा मारकर काफी मात्रा में कीमती लकड़ियां बरामद की गई पंचनामा बनाकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### शांतिपूर्ण चुनाव के लिए 11 स्थानों पर अंतर्राज्यीय नाका बंदी चेक पोस्ट

**सतना।** सतना संसदीय क्षेत्र निर्वाचन 2024 में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयरहित वातावरण में मतदान संपन्न कराने सतना जिले के चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र की अन्तर्राज्यीय बार्डर सीमा पर आवागमन की निगरानी के विशेश प्रबंध किये गये हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के निर्देशन में चित्रकूट विधानसभा की उत्तरप्रदेश से लगने वाली सीमा पर 11 अन्तर्राज्यीय नाका बंदी चेक पोस्ट बनाये गये हैं। इनमें नयागांव थाना के अंतर्गत पीली कोठी हनुमानधारा, हरदुआ, पुरानी लंका और छीरपुरवा में चेक पोस्ट बनाये गये हैं। इसी प्रकार बरौंधा थाना अंतर्गत भियामऊ भीटा (कंदर) पाथरकछार (रामपुर बरौंधा),महुआ डाडी (बलभद्रपुर) और कठवरिया थाना मझगवां के तहत मिचकुरिन घाटी में नाका बंदी चेक पोस्ट स्थापित किये गये हैं। आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के पश्चात सभी 11 अन्तर्राज्यीय नाकों पर दूसरे प्रांत से आने-जाने वाले वाहनों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

# आजादी के बाद अभी तक नहीं बनी सड़क, चट्टानों के बीच महिला ने बालिका को दिया जन्म

**सड़क नहीं होने के कारण 2 किलोमीटर दूर खड़ी थी गाड़ी**



**सतना।** गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा हुई तो उसे न तो अस्पताल नसीब हुआ और न ही बेड। मजबूर महिला को साड़ी से बनी झोली में ही बिटिया को जन्म देना पड़ा। यह हकीकत चित्रकूट नगर पंचायत मुख्यालय से सटे गांव थरपहाड़ की है। इस गांव की निवासी 25 साल की संगीता मवासी को सुबह प्रसव पीड़ा हुई। यह बात जान परिजनों ने उसे अस्पताल ले जाने के लिए तैयार हुए लेकिन रास्ता न होने के कारण प्रसव पीड़ा से तड़प रही संगीता को पहाड़ औऱ जंगल के रास्ते ले जाना पड़ा। कोई संसाधन और साधन उपलब्ध न होने के कारण परिजनों ने एक लकड़ी में दो-तीन साडि़यों से एक झोली बना ली और संगीता को उस पर लेटा कर अस्पताल की ओर ले जाने लगे लेकिन बीच रास्ते में ही उसने एक बिटिया को जन्म दे दिया। इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। जिसमें दो युवक साड़ी की झोली को लकड़ी के सहारे कंधे में रखे पत्थर के चट्टानों से चलते दिख रहे हैं। वीडियो के बारे में मिली जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत चित्रकूट के परिधि में आने वाले गांव थरपहाड़ की निवासी संगीता मवासी पत्नी अशोक मवासी को प्रसव पीड़ा होने पर अस्पताल ले जाने का है। चूंकि गांव से आने जाने का कोई सुगम मार्ग नहीं है इसलिए यहां झोली या फिर खाट पर बीमार व्यक्तियों को ले जाना पड़ता है। यही काऱण है कि प्रसव पीड़ा से कराह रही संगीता को भी झोली में ले जाना पड़ा। कंधे पर टांग कर ले जाने के मजबूरी के बीच परिजनों ने इमरजेंसी नंबर 108 पर कॉल कर दिया था लेकिन मार्ग



सुगम न होने के कारण एंबुलेंस दो किलोमीटर दूर खड़ी थी। गांव के ही रावेंद्र मवासी ने बताया कि चित्रकूट से रहुनिया तक का मार्ग ठीक है इसके बाद हमारे गांव के लिए सहज रास्ता नहीं है जिस कारण वहां तक बीमार व्यक्तियों के जाने के लिए ऐसे ही जाना पड़ता है। कई बार तो रास्ते में ही लोगों की मौत तक हो चुकी है। परिजनों ने बताया कि एंबुलेंस के माध्यम स्व नजदीक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझगवां ले जाया गया जहां पर प्रसूता और नवजात का स्वास्थ्य ठीक है।

### जंगल से होता है आवागवन

जंगल के बीच बसे इस गांव में सुगम रास्ता आजादी के बाद से नहीं बन पाया है। जिस कारण यहां के लोगों को दुर्गम पहाड़ और जंगल से होकर सुगम रास्ते तक जाना ही पड़ता है। बताया गया कि गुप्त गोदावरी के पास से इस गांव तक पहुंचने के लिए शॉर्टकट है इसके अलावा जितने भी मार्ग हैं वह वहां तक पहुंचा तो देते हैं लेकिन सुगम नहीं है। थरपहाड़ को कुछ साल पहले नगर पंचायत में शामिल कर लिया गया। अब यह गांव चित्रकूट नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 15 में आता है। सामाजिक कार्यकर्ता ने आगे बताया कि इस गांव की आबादी करीब 1200 है। 150 घरों की बस्ती है। यहां के लिए रहुनिया से सुगम मार्ग के लिए मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद सड़क बनाई जानी थी लेकिन अब तक कुछ खास नहीं हो सका है।

## रीवा रोड स्थित मोबाइल फोन की दुकानों पर जीएसटी की दबिश

**सतना।** जीएसटी की टीम ने गुरुवार को रीवा रोड स्थित मोबाइल फोन की दो दुकानों पर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान टीम के सदस्यों ने मोबाइल फोन की दुकानों में मौजूद दस्तावेजों को अपने कब्जे में ले लिया। अधिकारियों की टीम यहां मिले दस्तावेजों की गहन छानबीन कर रही है। खबर लिखे जाने तक अधिकारी जांच पड़ताल कर रहे थे। सूत्रों के हवाले से पता चला है कि जीएसटी की अधिकारी यहां मौजूद मोबाइल फोन के खरीदने और बेचने के दस्तावेजों को खंगाल रहे





हैं। यह देखा जा रहा है कि दुकान में मौजूद सामान के बिल सही है या नहीं। खबर मिली है कि जीएसटी की चोरी भी यहां पर बड़े पैमाने पर पकड़ी गई है। जीएसटी चोरी होने के मामले की फिलहाल पुख्ता जानकारी नहीं मिली है। सूत्र बताते हैं कि जीएसटी की टीम कार्रवाई पूरी होने के बाद गुरुवार की देर रात या फिर शुक्रवार को विस्तृत जानकारी उजागर करेगी।

## स्पिक मैके के तहत कार्यक्रम आयोजित

**मैहर।** मां शारदा की पावन नगरी बाबा अलाउद्दीन खान की साधना स्थली मैहर में स्पिक मेके के तत्वाधान में दिनांक 19 से 23 मार्च तक मैहर जिले के विभिन्न विद्यालयों में लगातार आयोजन संपन्न हो रहे हैं। प्रथम आयोजन अमरपाटन अध्याय के अंतर्गत तक्षशिला एकेडमी एवं टेक्निकल कॉलेज, मां शारदा परिसर स्थित अरकंडी विद्यालय गुरुनानक स्कूल परिसर में डॉक्टर कैलाश जैन के मुख्य अतिथि में सतविंदर सिंह सरना,मितेश बहल,अशोक चौबे,रमापति गौतम की उपस्थिति के साथ जिले के एक प्रतिष्ठित ऑडिटोरियम एकलव्य विद्यालय ऑडिटोरियम हॉल में जिला अध्यक्ष श्रीमती रानी बाटक के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल,एसडीएम विकास सिंह,डॉक्टर के जैन,तहसीलदार जितेंद्र पटेल,जयंत जैन,जितेश जैन, अमन जैन,रजनीश जोली,संकरसण मिश्रा,हर्षित श्रीवास्तव एवं बालक एवं बालिका छात्रावास के छात्रों के उपस्थिति में उपस्थिति में संपन्न हुआ। आज प्रातः सरस्वती शिशु मंदिर परिसर शारदा सभागार,बागेश्वरी संगीत समिति के तत्वाधान में विशाल कृष्णा की अद्भुत प्रस्तुति हुई। समस्त आयोजनों में आपकी अलग-अलग प्रस्तुतियां थी जिसमें प्रमुख तौर से शिव तांडव स्त्रोत गणेश वंदना माखन चोरी अभिनव कला होली जैसे कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई आज संगीत कॉलेज मैहर के साथ संध्याकालीन सभा में मैहर सीमेंट परिसर के नंदनकानन मैदान में विशाल जी की प्रस्तुति होगी। 22 तारीख को प्रातः 10:30 बजे मिनी लैंड अकैडमी एवं साइन कल 15 ओरिजन हाई स्कूल अमदरा में आपकी प्रस्तुतियां होंगी। समस्त आयोजनों को सफल बनाने में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकगण की उपस्थिति सराहनीय रही।



## नवरात्रि मेले की व्यवस्थायें समय पर पूरी कर लें

**सतना।** धार्मिक नगरी मैहर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष चैत्र नवरात्रि का मेला 9 अप्रैल से शुरु होगा। नव दिवसीय मेले में लाखों की संख्या में दर्शनार्थी मां शारदा दर्शन के लिये मैहर आते हैं।

**कलेक्टर मैहर ने मेले के संबंध में अधिकारियों को दिये दिशा-निर्देश**

नवरात्रि मेले की व्यवस्थाओं,भीड़ प्रबंधन और कानून व्यवस्था के सबंध में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार मैहर में कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने मां शारदा प्रबंध समिति,प्रशानिक अधिकारी और पुलिस प्रशासन के साथ बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल,एएसपी मुकेश वैश्य,अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह,एसडीएम रामनगर डॉ आरती सिंह,सीएमओ लालजी ताम्रकार, सौम्या मिश्रा,सीईओ प्रतिपाल बागरी एवं विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर श्रीमती बाटड ने बिजली, पानी,सफाई और व्यवस्था को लेकर कहा कि मेले में मूलभूत सुविधाओं में कमी नहीं होनी चाहिये। जिन विभागो को जो भी जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं,उन्हे समय रहते पूरा कर लें। कलेक्टर ने विद्युत विभाग को बिजली की व्यवस्था को दुरुस्त करने और ट्रांसफार्मर संबंधित परेशानियों को दूर करने के निर्देश दिये। उन्होने नगर पालिका अधिकारी को चलित शौचालय,सफाई व्यवस्था और पीने के पानी के टैंकर की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। साथ ही मेला प्रांगण में चिकित्सा व्यवस्था के लिए डॉक्टर की टीम और एंबुलेंस तैनात करने के निर्देश दिये। ताकि किसी प्रकार की आपातकालीन स्थिति में उपचार की व्यवस्था की जा सके। बैठक में कलेक्टर श्रीमती बाटड ने नवरात्रि मेले के समय अत्यधिक गर्मी पड़ने की संभावना के दृष्टिगत एवं मैहर आने वाले दर्शनार्थियों को स्वच्छ पेयजल के लिये परेशानियों का सामना न करना पड़े, इसके लिये पीएचई विभाग को साफ पीने के पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होने मंदिर प्रांगण की सफाई व्यवस्था के संबंध में कहा कि मेले के दौरान सभी दुकानदार साफ-सुथरे और बड़े डस्टबिन रखेंगे और जिन दुकानदारों द्वारा आदेश का पालन नहीं किया जायेगा,संबंधित के विरुद्ध प्रशासन द्वारा चालानी कार्यवाही की जायेगी।

## प्रिज़्म जॉनसन ने हिनौती विद्यालय का कराया मरम्मत एवं रंगरोगन का कार्य

**सतना।** प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के अंर्तगत शिक्षा विकास एवं आसपास के ग्रामों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिये शासकीय विद्यालयों के भवनों की मरम्मत एवं रंगरोगन कार्य किया जाता है। इसी कड़ी में शासकीय माध्यमिक विद्यालय हिनौती के भवन के मरम्मत एवं रंगरोगन का कार्य किया गया है। यह कार्य प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट (एचआर एम एण्ड कार्पोरेट अफेयर्स) मनीष कुमार सिन्हा के दिशा निर्देशन में किये जा रहे है। प्रिज़्म प्रबंधन का मानना है कि शिक्षा ही समाज के संस्कारित करने का कार्य करती है जिससे समाज का सर्वांगीण विकास होता है। इसलिये शिक्षा के क्षेत्र में अधिक ध्यान देने कि आवश्यकता है। इसके साथ ही आसपास के ग्रामों में स्थित शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों को बेहतर एवं सुरक्षित शिक्षा का वातावरण प्रदान करने हेतु इन विद्यालय भवनों की मरम्मत एवं रंगरोगन का काम किया जाता है।प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम सीएसआर एवं जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रिज़्म जॉनसन लिमि.अपने समाजिक उत्तरदायित्वों के अंर्तगत समाज के चहूमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है और ग्रामीणजनों के उच्चजीवन शैली एवं उनके उत्थान के लिये आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए वर्गीकृत आठ क्षेत्रों में एक निश्चित रुपरेखा बनाकर विभिन्न कार्यक्रम संचालित किये जा रहे है। जिनमें मुख्य रुप से आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य सेवायें,शिक्षा विकास, पर्यावरण, जल संरक्षण एवं पीने के पानी की उपलब्धता,महिला सशक्तीकरण एवं कौशल विकास, खेल कूद गतिविधियॉं व सामाजिक विकास एवं आपदा प्रबंधन के कार्य शामिल है।आगे भी प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड अपनी सहभागिता द्वारा सामाजिक विकास के कार्यों को गति देता रहेगा।



**त्रिकोणी मुकाबले के बीच दिलचस्प हुआ सतना का लोकसभा चुनाव**

# सिद्धार्थ और गणेश के बीच मुकाबले में अब नारायण त्रिपाठी की एंट्री

**सतना।** कांग्रेस पार्टी में रहकर असंतुष्ट रहे नेताओं का पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में जाने का सिलसिला जारी है। गुरुवार को विंध्य क्षेत्र की राजनीति में गजब का माहौल देखने को मिला। कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने पार्टी छोड़ दी और भाजपा का दामन थाम लिया। लेकिन सतना लोकसभा का चुनाव उस वक्त दिलचस्प हो गया जब मध्य प्रदेश की राजनीति में हमेशा चर्चा में रहने वाले विधायक रहे नारायण त्रिपाठी ने अपनी नई पार्टी तो बनाई ही है,लेकिन उन्होंने बहुजन समाज पार्टी का दामन थाम लिया। अब माना जा रहा है कि वह बसपा की टिकट पर सतना में लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। ऐसे में जाति समीकरण कैसा होगा,ऊंट किस करवट बैठेगा इसे लेकर अब चर्चा तेज हो गई है।

### कांग्रेस दिशाहीन पार्टी:सतीश

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा कहते हैं कि भाजपा गरीब कल्याण के महायज्ञ में लगी पार्टी है देश के जोड़ने और देश को संभालने और विकसित भारत का काम कर रही है कांग्रेस दिशाहीन पार्टी हो गई है नेतृत्व विहीन हो गई है इसलिए कांग्रेस के नेता अब भाजपा में जा रहे हैं।

### चार बार सांसद बने गणेश सिंह

गणेश सिंह वर्तमान में सतना लोकसभा सीट से सांसद हैं वो चार बार सतना सीट से चुनाव जीत चुके हैं। अगर गणेश सिंह के राजनीतिक सफर की बात करें तो इसकी शुरुआत 1995 से हुई। वह 1995 से 1999 तक सतना जिला परिषद के सदस्य रहे। उन्होंने इसके बाद 1999-2004 तक जिला पंचायत का पद संभाला। इसके बाद बीजेपी ने उन्हें साल 2004 में 14वीं लोकसभा का टिकट दिया। इसके बाद वह मानव संसाधन विकास संबंधी स्थायी समिति के सदस्य रहे। 2009 में फिर उन्हें टिकट दिया गया और वह फिर चुनाव जीत गए। वह 2011-2016 तक बीजेपी एमपी के सचिव रहे। 2014 में फिर मोदी लहर के बीच चुनाव हुए और गणेश सिंह फिर जीते। मई 2019 में उन्हें 17 वीं लोकसभा के लिए चुना गया।

### दो बार विधायक बने सिद्धार्थ

सिद्धार्थ कुशवाहा (डब्बू) को कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया है। सिद्धार्थ कुशवाहा सतना विधानसभा सीट से दो बार से विधायक हैं। 2018 में विधानसभा चुनाव जीतकर सिद्धार्थ पहली बार विधायक बने थे और फिर 2023 के विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने उन पर भरोसा जताया और सिद्धार्थ विधानसभा चुनाव में सांसद गणेश सिंह को हराकर दोबारा विधायक बने। सिद्धार्थ सिंह का ये पहला लोकसभा चुनाव है। यहां ये भी बता दें कि सिद्धार्थ कुशवाहा के पिता स्वर्गीय सुखलाल कुशवाहा पूर्व सीएम स्व.अर्जुन सिंह को सतना लोकसभा सीट से चुनाव हरा चुके हैं।

### नारायण त्रिपाठी अब बसपा में

नारायण त्रिपाठी मध्य प्रदेश की राजनीति में हमेशा चर्चा में रहते हैं। 2008 के चुनाव में सपा की टिकट पर चुनाव लड़े, लेकिन भाजपा से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। 2013 में कांग्रेस से टिकट मिला और वे चुनाव जीत गए। 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से अजय सिंह राहुल को टिकट मिला तो विरोध करना शुरू कर दिया। 2015 में उन्होंने कांग्रेस से त्यागपत्र दिया। 2016 के विधानसभा के उपचुनाव में भाजपा से लड़कर जीत दर्ज की। 2018 के चुनाव में भाजपा से जीत हासिल की। इसके बाद उन्होंने भारतीय जनता पार्टी से त्यागपत्र देकर अपनी नई पार्टी बना ली लेकिन हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में उनकी नई पार्टी का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा।

### जो जा रहे हैं उनका नजरिया: दिलीप

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप मिश्रा कहते हैं कि हमें पता चला है कि कुछ लोग कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जा रहे हैं। वह कहते हैं कि यह उनका नजरिया है। उनके विचार है। हम नहीं रोकते। दिलीप मिश्रा कहते हैं की पार्टी छोड़कर जाने वालों का पता तब चलता है जब वह पट्टा पहन कर आते हैं। हम उन्हें रोकने में नाकाम नहीं है।

## लोकसभा क्षेत्र सतना में 1707071 मतदाता डालेंगे वोट

**जेण्डर रेशियो 911.23 पर पहुंचा**

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में सतना संसदीय क्षेत्र के लिये 26 अप्रैल को होने जा रहे मतदान में सतना और मैहर जिले के कुल 1707071 मतदाता अपना मतदान करेंगे।

मतदाता सूची में संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के उपरांत सतना जिले की पुरुष और महिला मतदाता अनुपात जेंडर रेशियो में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के समय जेण्डर रेशियो 911.23 रहा है। इसी प्रकार ईपीरेशियो भी 64.15 हो गया है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये तैयार अंतिम मतदाता सूची में अब तक 1707071 मतदाताओं के नाम शामिल हैं। इनमें 891307 पुरुष, 812187 महिला मतदाता और 6 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। कुल मतदान केंद्र की संख्या 1950 है। जिले में 3571 सर्विस वोटर भी है।

सतना संसदीय क्षेत्र में शामिल 7 विधानसभा क्षेत्रवार मतदाताओं की स्थिति के अनुसार विधानसभा क्षेत्र 61 चित्रकूट में 257 मतदान केंद्र और 2 लाख 21 हजार 42 मतदाता हैं। जिनमें 1 लाख 17 हजार 485 पुरुष और 1 लाख 2 हजार 816 महिला मतदाता हैं। विधानसभा क्षेत्र का जेण्डर रेशियो अन्य की तुलना में सबसे कम 875.14 है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 62 रैगांव में 259 मतदान केंद्र और कुल 2 लाख 21 हजार 493 मतदाता हैं। जिनमें 1 लाख 16 हजार 248 पुरुष, 1 लाख 4 हजार 740 महिला मतदाता हैं। रैगांव क्षेत्र का जेंडर रेशियो 901 है। विधानसभा क्षेत्र 63 सतना में 276 मतदान केंद्र और 2 लाख 49 हजार 693 कुल मतदाता हैं। जिनमें 1 लाख 29 हजार 254 पुरुष, 1 लाख 20 हजार 3 महिला, 4 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र का जेंडर रेशियो जिले में सर्वाधिक 928.43 है। मतदाता सूची के अनुसार विधानसभा क्षेत्र 64 नागौद में 277 मतदान केंद्र और 2 लाख 41 हजार 590 कुल मतदाता हैं। जिनमें 1 लाख 25 हजार 626 पुरुष,1 लाख 15 हजार 528 महिला मतदाता शामिल हैं।

यहां का जेंडर रेशियो 919.62 है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 65 मैहर में 295 मतदान केंद्र और 2 लाख 59 हजार 584 कुल मतदाता हैं। जिनमें 1 लाख 35 हजार 541 पुरुष, 1 लाख 23 हजार 927 महिला और 2 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। मैहर विधानसभा का जेंडर रेशियो 914.31 है। विधानसभा क्षेत्र 66 अमरपाटन में 279 मतदान केंद्र और 2 लाख 47 हजार 172 कुल मतदाता हैं। जिनमें 1 लाख 28 हजार 219 पुरुष, 1 लाख 18 हजार 590 महिला मतदाता शामिल हैं। यहां का जेंडर रेशियो 924.90 है। विधासभा क्षेत्र 67 रामपुर बघेलान में सबसे अधिक 307 मतदान केंद्र और 2 लाख 66 हजार 497 कुल मतदाता हैं। जिनमें 1 लाख 38 हजार 934 पुरुष, 1 लाख 26 हजार 583 महिला मतदाता शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र रामपुर बघेलान का जेंडर रेशियो 911.10 है। जिले के कुल 3571 सर्विस वोटर्स में चित्रकूट में 741, रैगांव में 505, सतना में 432, नागौद में 436, मैहर में 114, अमरपाटन में 363 और रामपुर बघेलान विधानसभा में सर्वाधिक 980 सर्विस वोटर्स हैं।

## खबर संक्षेप

### काष्ठ की भौतिक नीलामी 28 मार्च को

**पन्ना।** वनमंडलाधिकारी दक्षिण वनमंडल पन्ना कार्यालय द्वारा जनसामान्य को वन मंडल दक्षिण पन्ना के काष्ठागार में बल्ली, डेंगरी एवं जलाऊ काष्ठ के विक्रय के संबंध में सूचित किया गया है। आगामी 28 मार्च को ईमारती बल्ली, डेंगरी व जलाऊ काष्ठ का ऑफलाइन माध्यम से विक्रय की कार्यवाही प्रस्तावित है। काष्ठ की मात्रा और नीलामी की अधिक जानकारी के लिए दक्षिण वन मंडल कार्यालय पन्ना में संपर्क किया जा सकता है।

### सभी शस्त्रधारियों के लाइसेंस चुनाव तक निरस्त



**अमानगंज।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान कमजोर वर्ग के मतदाताओं को भय मुक्त होकर मतदान करने एवं निर्वाचन कार्य सुचारू रूप से संचालित होने और उसमें कोई बाधा ना आए इसके लिए जिला कलेक्टर पन्ना ने जिला के समस्त शास्त्रधारियों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं और शस्त्रों को पुलिस थाना में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं जिसके संबंध में अमानगंज पुलिस थाना प्रभारी महेंद्र सिंह भदोरिया ने थाना क्षेत्र के समस्त शस्त्रधारियों को शीघ्रता से पुलिस थाने में अपने शस्त्र थाने में जमा करने एवं विधिवत पावती लेने की अपील की है।

### अमानगंज पक्की सड़क निर्माण प्रारंभ



**अमानगंज।** नगर परिषद अमानगंज क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 15 में अंधरखुआ चौक से गुनौर रोड तक रोड निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। उक्त कार्य के के कंस्ट्रक्शन नागौद द्वारा किया जा रहा है। उक्त निर्माण कार्य की कुल लागत 72 लाख रुपए बताई गई है। इस रोड में 12 फीट की बी टी रोड एवं दोनों तरफ शोल्डर 5 फीट प्रस्तावित है नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका शारदा खटीक वार्ड पार्षद मिथिलेश ब्रजेश राजपूत के साथ निर्माण कार्य का मौका मुआइना किया तथा ठेकेदार को गुणवत्ता के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी का प्रथम रेण्डमाईजेशन 22 मार्च को

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी का प्रथम रेण्डमाईजेशन 22 मार्च को सुबह 11 बजे कलेक्टर कार्यालय में किया जाएगा। रेण्डमाईजेशन उपरांत मशीनों को विधानसभावार अलग कर विधानसभा के लिए निर्धारित स्ट्रांग रूम हेतु ऑनलाइन रिसीव की कार्यवाही की जाएगी। साथ ही मशीन शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना के स्ट्रांग रूम में भौतिक रूप से शिफ्ट की जाकर भण्डारित की जाएगी। उक्त सभी कार्यवाहियों के दौरान राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों से उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

### भाजपा के पूर्व पार्षद संदीप तिवारी का निधन

**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी की पूर्व भाजपा नेत्री स्वर्गीय श्रीमती उषा तिवारी के ज्येष्ठ पुत्र , पन्ना नगर पालिका की उपाध्यक्ष भाजपा नेत्री



श्रीमती स्नेह लता पाराशर, भाजपा नेता आशीष तिवारी रिंकू, आकाश तिवारी के बड़े भाई संदीप तिवारी पूर्व पार्षद का आज दिनांक 21 मार्च 2024 को दोपहर 12 बजे अचानक हृदयघात होने के कारण दुखद निधन हो गया है। संदीप तिवारी काफी मिलनसार और समाज सेवक व्यक्तित्व के धनी थे। श्री तिवारी का आज दिनांक 21 मार्च 2024 को देवेंद्र नगर के मुक्तिधाम में शाम 4रू00 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा। श्री तिवारी के दुखद निधन होने पर देवेंद्र नगर क्षेत्र के गण नागरिकों पत्रकार बंधु समाजसेवियों, राजनेताओं ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

## नयागांव से पंचमपुर निर्माणाधीन सड़क बनते वक्त ही

# पुलिया टूटने से तरह-तरह की चर्चायें व्याप्त










**लोक निर्माण विभाग की कार्य प्रणाली अक्सर सुर्खियां बटोरती है इसके पीछे विभाग के जिम्मेदार होनहार उपयंत्री जो दो-दो जगह की जिम्मेदारी का निर्वहन करते है।**

पन्ना।

मानीटरिंग को लेकर कैसी दास्तांय होती होंगी इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है जब मोबाइल पर ही मानीटरिंग हो जाती तो आखिरकार पुलिया क्यों न तोड़नी पड़े जिसकी पुष्टि पुलिया तोड़ कारनामा से ही चर्चा में है सड़क नयांगांव से पंचमपुर की दास्तां वहीं विभाग गा्रमीणों को ही आड़े हांथों मानती है कार्य एजेन्सी व विभाग अभी भी अपना कर रहे बचाव।

विकास के नाम पर पन्ना से विधायक पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह विकास पुरूष के नाम से जाने जाते है जिन्होंने अपनी विधानसभा क्षेत्र पन्ना में बड़े कार्यों को पिछली पारी में ही काफी मसक्कत के बाद भले ही अंजाम तक पहुंचाने का लक्ष्य लिया हो पर जिम्मेदार अधिकारी विकास कार्यों को कैसे करते है। यह तो यही जानें जहां आजादी के बाद सड़क बनने का सौभाग्य आया नयागांव से पंचमपुर के लिये वहीं निर्माणाधीन सड़क में गुणवत्ता का खयाल रखने को लेकर लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार उपयंत्री व एसडीओ तथा कार्यपालन यंत्री ही माने जाते है। अब यह अलग बात है कि सबसे बड़ी जिम्मेदारी उपयंत्री की तय होती है। पर यहां मामला कार्य एजेन्सी के द्वारा कार्य करने को लेकर जहां इस सड़क में पुलिया तोड़ की दास्तांयें जो स्वयं ही विभाग के द्वारा की गई उसमें आखिरकार जब पुलिया बनाई जा रही थी तब कैसा लोहा डाला गया कैसे मटेरियल का इस्तेमाल किया गया इसको लेकर क्या देखा गया। मामला चाहे जो हो ग्रामीणों की शिकायत पर पुलिया टूटी पर इसकी वजह कुछ अबौर ही सूत्रों की मानें तो चर्चा में यहां यह माना जा रहा है कि कार्य एजेन्सी से किसी के रेत डालवाने के लिये कहा गया पर कार्य एजेन्सी ने रेत नहीं ली तो पुलिया ढलते ही रात्रि में ट्रेक्टर से ठोकर मारकर क्रेक पहुंचाये गये। यह अजीबो गरीब दास्तां चर्चा में है आखिरकार विभाग की पुलिया ट्रेक्टर की ठोकर से क्रेक हो जाती है वहीं विभाग को पुलिया तोड़नी पड़ती है। कार्य एजेन्सी की चूक या विभाग की मॉनीटरिंग को जिम्मेदार नहीं माना जाता वहीं ग्रामीणों को ही स्वार्थ पूर्ति न होने के कारण शिकायतों के आरोप लगाये जा रहे है। इतना ही नहीं सीएम हेल्प लाइन में ही दूसरों के नाम से ही शिकायत हो जाती है विभाग संवेदनशीलता कितनी और कैसी यह तो विभाग ही जाने। मामला लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारी जो बीसों वर्ष से पन्ना लोक निर्माण विभाग में उपयंत्री का दायित्व निभा रहे है वह भी दो-दो जगह का फिर भी सुर्खियां न मिले तो फिर यह कैसे संभव तभी तो हालात दो-दो बार पुलिया तोड़ने की चर्चा व्याप्त है। यहां लोक निर्माण विभाग अब इस सड़क को मानीटरिंग करने को लेकर कार्य एजेन्सी से संतुष्ट है तो फिर पुलिया क्यों टूटी वहीं ग्रामीण क्या अपनी सड़क की पुलिया तोड़ेंगे जो अपने आप में पड़ताल का विषय है अगर ग्रामीणों ने पुलिया तोड़ी थी तो फिर कार्य एजेन्सी ने इस मामले में रिपोर्ट क्यों नहीं कई अनसुलझे सवाल मांग रहे जवाब सुर्खियों में नयागांव से पंचमपुर निर्माणाधीन सड़क का मामला। वहीं इस सड़क में कितनी पुलिया बनाई जा रही है क्या सभी की जांच कराई जायेगी जिससे स्वयं ही उपयोगिता सड़क की व पुलियों की साबित होगी वहीं इस सड़क की गुणवत्ता को लेकर विभाग कितना दायित्व निभायेगा यह तो जिम्मेदार अधिकारी ही तय कर सकते है। जब कार्य एजेन्सी के ऊपर मेहरबान होकर ग्रामीणों को ही जोड़कर सड़क की पूर्ति किसी तरह से करना उचित मानेंगे तरह-तरह से चर्चायें व्याप्त।

## यातायात पुलिस ने काटे वर्दीधारियों कर्मचारियों का चालान



पन्ना।

माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के दिशा निर्देशन में पुलिस मुख्यालय द्वारा दो पहिया वाहन सवार द्वारा हेलनेट एवं चार पहिया वाहन सवार द्वारा सीट बेल्ट धारण न करने वाले वाहन चालकों के विरुद्द प्रभावी चालानी कार्यवाही करने हेतु लगातार विशेष जागरुकता अभियान संचालित है। इस संबंध में समस्त विभाग प्रमुखों को अपने अधीनस्थ कार्यरत समस्त अधिकारी/ कर्मचारियों को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट धारण करने के संबंध में पाबंद किया गया है। लेकिन कर्मचारियों द्वारा इन नियमों की अक्सर अनदेखी देखी गयी है। इसलिये यातायात व्यवस्था को दुरुस्त बनाने के लिए यातायात पुलिस अलग ही अंदाज में नजर आ रही है। पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस थोटा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह के निर्देशानुसार थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक नीलम लक्षकार व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वाले 06 वर्दीधारियों को रोककर उनके चालान काटे गये। आम जनता भी यातायात नियमों का पालन करें। इसके लिए यातायात पुलिस वर्दीधारी कर्मचारियों पर यातायात नियमों को लेकर पैनी नज़र रख रही है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान काटे जा रहे हैं। वाहन चौकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 43 चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गयी जिसमें बिना हेलमेट 20 एवं बिना सीट बेल्ट 06 चालक एवं अन्य धाराओं में चालानी कार्यवाही कर कुल समन शुल्क 24000 वसूल किया गया।

## जितना अच्छा संवाद, उतना अच्छा परिणाम

## संचार की विभिन्न विधाओं में पारंगत हुए जलमित्र

### युवाओ में नेतृत्व के गुण भरे है, तरासने की आवश्यकता

पन्ना।






स्वयं सेवी संस्था समर्थन डब्लू.एच.एच के सहयोग से जल एवं स्वच्छता विषय पर काम कर रही है। कार्यक्रम के सहयोगी की भमिका में जल मित्र तैयार किया गये है संस्था के कार्यक्षेत्र में लगभग 80 जल मित्र है जो ग्राम स्तर पर जल एवं स्वच्छता को वेहतर करने एवं पानी के महत्व को बताने के लिये ग्राम सभा स्तर पर ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति एवं ग्राम पंचायत को सहयेग कर रहे है। जल मित्रो में रचनात्मक संचार एवं नेतृत्व के गुण विकसित करने के लिये चार दिन का प्रशिक्षण पन्ना के ताज खजुराहो होटल में रखा गया। पियूष चक्रवर्ती ने युवाओ को स्थानीय संसाधन एवं मानव संसाधन को उपयोग करते संचार एवं संवाद में आकृतियो, हावभाव,लेखन,उठना वैठना, वोल चाल उतार चढाव कब केसे उपयोग करना एवं अपनी भूमिका को बदलने की कला को निखारने का प्रयास किया। प्रतिभागियो ने प्रशिक्षण उपरान्त कहा कह हम लोग जब किसी को कुछ कहते थे तो उसका असर कुछ भी नही पड़ता था, लोग सुन कर भी अनसुना कर देते थे थे अब प्रशिक्षण में संवाद की जो विभिन्न विधा वताई गई है उससे हमें अपने काम में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में लेखन,गायन,नाटक, कविता,गीत लेखन एवं उसका निरंतर अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में जलमित्र, आरती, पूजा, दिनेश, अंलली, बीनागोड, आरती, प्रीतम, विजयकांन्त,सुधा सहित 25 जलमित्रो ने भाग लिया। समर्थन से आशीष विश्वास, सुरेन्द्र त्रिनाठी, कमल एवं चाली ने कार्यक्रम को वेहतर बनाने में सहयोग किया। सीख - कलाकृतियो एवं संवाद में जल संरक्षण को प्रमुखता से रखा गया। जल संरक्षण एवं संबर्धन प्राकृतिक पर्यावरण पर प्रशिक्षण को फोकस किया गया। प्रशिक्षक की भूमिका में पीयूष ने कहा की निरंतर अभ्यास से सेवाद एवं संचार में निखार आयेगा, अपनी वोली एवं भाषा का उपयोग करे जो लोगो को सहज समझ में आती हो। वात जितनी स्पष्ट होगी उतना काम आसान होगा।

## पुलिस द्वारा अवैध शराब का भण्डारण करने वाले 1 आरोपी के विरूद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही

**आरोपी के कब्जे से कुल 75 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची महुआ की अवैध शराब कीमती करीब 7500 रूपये की जप्त**



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस. थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों/ चौकी प्रभारियों को अवैध शराब के निर्माण, भंडारण,परिवहन व विक्रय करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध अभियान चलाकर वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के मार्गदर्शन एवं जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में थाना/चौकी स्तर पर पुलिस टीमों का गठन किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना/चौकी क्षेत्र में मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी शाहनगर उनि सुयश पाण्डेय को दिनांक 19.03.24 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ग्राम महेवा में अवैध शराब बिक्री करने हेतु रखे हुये है। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये अनुसार ग्राम महेबा पहुँचकर रेड कार्यवाही करते हुये एक नफर आरोपी के कब्जे से अवैध हाथ भट्टी की बनी महुआ शराब मात्रा करीब 75 लीटर कीमती करीबन 7500 की जप्त की जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध थाना शाहनगर में अपराध क्रमांक 89/24 धारा 34 (2)आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी शाहनगर उनि0 सुयश पाण्डेय, सउनि0 पवन प्रजापति, प्रधान आरक्षक मनीष सिंह, आरक्षक राहुल कुमार ,राजेश डुडवे का सराहनीय योगदान रहा।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास एवं जुर्माना

पन्ना।

कार्यालय जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, दिनांक 02.02.2022 को पुलिस चौकी हनुमतपुर में जरिए फोन फॉरेस्ट गार्ड पुष्पेंद्र यादव से सूचना प्राप्त हुई कि लेवड़ा की टीक, सब्दुआ अजयगढ़ मुख्य मार्ग से लगभग 100 मीटर जंगल में अंदर लाश पड़ी है, सूचना पर चौकी हनुमतपुर पुलिस बल घटना स्थल पर रवाना हुआ। घटना स्थल पर लाश पड़ी हुई थी, मौके पर मृतक मंगलदीन पटेल के भाई महेश पटेल के बताने पर देहाती मर्ग इन्टीमेशन लेखबद्ध की थी। मर्ग जांच के दौरान मृतक के परिजन एवं साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किए गए। साक्षीगण के कथनों में यह जानकारी हुई कि मृतक मंगलदीन ने 50000/-रूपये रामप्रताप कोंदर को उधार दिये थे और बदले में उसकी मोटर साईकिल गिरवी रखी थी। मृतक मंगलदीन को आरोपी रामप्रताप कोंदर ने रूपये पैसे देने व मोटर साईकिल लेने के लिए अपने घर बनहरीकला बुलाया था और पैसों के लेनदेन पर से हुए विवाद पर से रामप्रताप कोंदर ने कुल्हाड़ी से मृतक मंगलदीन की गर्दन काट कर उसकी हत्या कर दी। शार्ट पीएम रिपोर्ट एवं साक्षीगण के कथन से आरोपी रामप्रताप कोंदर द्वारा पैसे के लेनदेन पर से मृतक मंगलदीन की हत्या करना प्रथम दृष्टया पाये जाने पर आरोपी रामप्रताप कोंदर के विरूद्ध थाना अजयगढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए उक्त अपराध को शासन द्वारा जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरण के रूप मे चिन्हित किया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रकरण की विवेचना हरिसिंह (निरीक्षक) द्वारा की गयी। माननीय न्यायालय श्रीमान आर.पी. सोनकर, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश पन्ना के न्यायालय मे प्रकरण का विचारण हुआ। शासन की ओर से पैरवी जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री संदीप कुमार पाण्डेय द्वारा की गयी। अभियोजन द्वारा साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लेखबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी-रामप्रताप कोंदर के विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी के कृत्य को गंभीरतम श्रेणी का मानते हुये कठोर से कठोरतम दंड से दंडित किया जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतों से सहमत होते हुए माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी- रामप्रताप कोंदर को धारा- 302 भादसं. में आजीवन कारावास एवं 5000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## छत्रसाल महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब के द्वारा 20 यूनिट रक्तदान

**पन्ना।** छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के प्राचार्य डॉ. एसपीएस परमार के आदेशानुसार मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के प्रयोजन में महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ एम.के. शुक्ल के नेतृत्व में रेड रिबन क्लब की टीम के द्वारा जिला चिकित्सालय पन्ना के सहयोग से आज दिनांक 21.3.24 को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन महाविद्यालय के मुख्य भवन परिसर में किया, जिसमें कुल 20 यूनिट रक्तदान किया गया। उक्त शिविर में स्वैच्छिक रक्तदान कर मानवता की सेवा में भागीदारी के लिए डॉ मनोज कुमार शुक्ल, डॉ रजनीश चौरसिया, संजय कुमार सिंघानिया, सूर्य प्रताप सिंह, ममता मिश्रा, सुरभि त्रिपाठी, महेंद्र यादव, प्रियंका गोस्वामी, प्रकृति राय, लवली अहिरवार, प्रभा देवी अहिरवार, देवेश मिश्र, धीरेंद्र कुमार अहिरवार, कृष्ण प्रताप सिंह, गया प्रसाद चौधरी, आकाश अहिरवार, आयुष मिश्र, करुणा लखेरा, गौतम कुशवाहा तथा देवेंद्र पटेल ने रक्तदान किया। शिविर के शुभारंभ में डॉ पीपी मिश्रा, डॉ जेके वर्मा, डॉ एस के पटेल, डॉ एसके त्रिपाठी, डॉ. बी एन जायसवाल



एवं डॉ. सचिन गोयल एवम् महाविद्यालय परिवार के सदस्यों ने उपस्थित रहकर विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया।राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों डॉ मनोज कुमार शुक्ल तथा डॉ कविता परवंदा के साथ रासेयो स्वयंसेवकों ने भी सक्रिय सहभाग किया। इस रक्तदान शिविर में जिला चिकित्सालय पन्ना से लैब टेक्नीशियन महिला कौल, नर्सिंग ऑफिसर सुषमा सिंह एवं सहायक मस्तराम रजक तथा वाहन चालक रविकरण की ड्यूटी लगाई गई थी। रक्तदान के पश्चात जिला चिकित्सालय से श्री रामनाथ ओमरे जी ने डॉ पी पी मिश्रा और डॉ जे के वर्मा सर के साथ में रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित किया।

## थाना प्रभारी संदीप दीक्षित ने प्रभार लेते ही सिमरिया में शांति समिति की ली बैठक

पन्ना।



बैठक में शामिल हुए सिमरिया के गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि एवम पत्रकार थाना प्रभारी संदीप दीक्षित ने आगामी होली के त्यौहार एवं लोकसभा चुनाव को लेकर सभी सिमरिया के गणमान्य नागरिक को आचार संहिता के नियमों को पालन करने के लिए बोला थाना प्रभारी संदीप दीक्षित ने स्पष्ट कर दिया कि आगामी लोकसभा चुनाव एवं होली के त्यौहार में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी आचार संहिता का जो नियम है आप लोग उसका पालन करें होली में सावधानी से होली खेले एवं क्षेत्र को नशा मुक्त बनाए रहे किसी भी प्रकार की अवैध शराब जुआ सट्टा अवैध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई होगी थाना प्रभारी ने साइबर क्राइम को लेकर सिमरिया के गण नागरिकों को उचित सलाह दी के कभी भी अपना ओटीपी किसी से शेयर ना करें संदीप दीक्षित ने सिमरिया गणमान्य एवं पत्रकार बंधुओ से भी अपने सुझाव मांगे। अंत में संदीप दीक्षित ने बोला पुलिस का कार्य मेरी पुलिस टीम के द्वारा मैं अपनी जिम्मेदारी को तत्पर रहूंगा और अपेक्षा करता हूं कि आप लोग भी हमारा सहयोग करेंगे।

## खबर संक्षेप



### डंपर और मोटर साइकिल की भिड़ंत,1 की मौत

**नौगांव।** बीती रात थाना क्षेत्र के सिगरावन कला के पास डंफर और मोटर साइकिल की भीषण टक्कर हुई जिसमें मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जय हिन्द राजपूत पिता राधाचरण राजपूत उम्र 38 वर्ष निवासी सगुनिया थाना अजनर जिला महोबा को किसी काम से बस से छतरपुर गया था वहां से लौटकर जय हिंद नौगाँव आया और उसने अपने साथी को नौगाँव छोड़ा इसके बाद वह अपने गांव सगुनिया जाने के लिए निकला उसके मन मे बिचार आया कि नेंगुवा वार्डर पर चैकिग लगी होगी इस कारण उसने मानपुरा से जाने का मन बनाया उसे पता नही था कि इस रास्ते मे उसकी मौत इंतजार कर रही थी। जैसे ही वह सिगरावन के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे डंफर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि जय हिंद वही गिर गया उसे अस्पताल लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे म्रत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा डंफर क्रमांक एमपी 16 एच 4789 को जप्त कर थाने में रखवा दिया गया है। वहीं पूरे मामले की जांच में थाना पुलिस लगी हुई है।

### सड़क हादसे में पत्नी की मौत, पति घायल



**छतरपु।** बमीठा थाना क्षेत्र में गंज गांव के पास बुधवार की देर शाम हुए एक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल है। मातगुवां थाना क्षेत्र के ग्राम पराचौकी निवासी भूपत सिंह परमार ने बताया कि उसके 53 वर्षीय चाचा उत्तम सिंह परमार अपनी 48 वर्षीय पत्नी कुसुम सिंह के साथ बाइक से तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ग्राम नदया गया था। यहां से वापिस लौटते वक्त फोरलेन पर गंज के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस से दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। चूंकि महिला के सिर में गंभीर चोट थी, जिस कारण से इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। उत्तम सिंह परमार का अभी भी जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

### पुलिस के हाथ लगा फरार चल रहा बदमाश



**छतरपुर।** 4 साल पहले हुई एक लूट के मामले में फरार चल रहा आरोपी सटई थाना पुलिस के हाथ लगा है, पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की कार्यवाही की है। सटई थाना प्रभारी निरीक्षक परशुराम डाबर ने बताया कि पुलिस के निर्देशन में आचार संहिता के दृष्टिगत चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सटई के बस स्टैंड से पकड़े गए आरोपी का नाम अरविंद सिंह उम्र 23 साल निवासी मरघटियाऊ पहाडिय़ा छतरपुर है, जिसके विरुद्ध सटई थाना में लूट का अपराध पंजीबद्ध है। लगातार फरार रहने के कारण न्यायालय द्वारा 14 दिसंबर 2023 को आरोपी के विरुद्ध स्थाई वारंट जारी किया था। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी के अलावा पड़रिया चौकी प्रभारी कुलदीप सिंह जादौन, आरक्षक अंकित पुरोहित, आरक्षक महेंद्र एवं जितेंद्र की सराहनीय भूमिका रही।

### पत्नी के ऊपर से निकल गई बस, दर्दनाक मौत



**छतरपुर।** शहर के नौगांव रोड पर बीती रात हुई सड़क दुर्घटना में महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है, जबकि उसका पति गंभीर रूप से जख्मी हुआ है। घायल का इलाज जारी है, जबकि मृतिका का पोस्टमार्टम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## परिचित व्यक्ति ने अपने साथियों के साथ फोटोग्राफर के साथ की थी लूट

# लूट की घटना का 24 घंटे में हुआ खुलासा



जिले के जुझारनगर थाना क्षेत्र में 29 मार्च की रात राकेश कुशवाहा उम्र 19 साल निवासी ग्राम गिरधौरी के साथ कुछ लोगों ने लूट कर थी। पीड़ित ने बताया था कि वह शादियों में फोटोग्राफी का काम करता है।

छतरपुर।

29 मार्च की रात करीब 8 बजे जब वह एक समारोह में फोटोग्राफी करने के लिए जा रहा था तभी कुछ लुटेरों ने उसके साथ मारपीट कर कैमरा, बैटरी, वीडियो कैमरा, मोबाइल सहित अन्य उपकरण छीन लिए। राकेश की रिपोर्ट पर पुलिस ने जुझारनगर थाना में अपराध क्रमांक 37/24 धारा 341, 394, 294, 506 के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू की।

जुझारनगर थाना प्रभारी उप निरीक्षक राजेंद्र जाटव ने बताया कि फरियादी के कथनों और साक्ष्यों के आधार पर फरियादी के परिचित संदेही सोनू उर्फ सुनील कुशवाहा ग्राम चुरबरा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में सोनू ने अपने तीन साथियों के साथ लूट की घटना को कारित करना स्वीकार कर लिया। सोनू ने बताया कि वह और उसके साथी महोबा के एक स्टूडियो में काम करते हैं। स्वयं का व्यापार बढ़ाने के लिए उन्होंने स्टूडियो संबंधी उपकरण लूटे थे। मुख्य आरोपी सोनू के अलावा उसके दो साथियों को भी पकड़ लिया गया है, सह आरोपी का नाम सुरेंद्र यादव निवासी ग्राम चुरबरा है जबकि तीसरा आरोपी नाबालिग है। मुख्य आरोपी सोनू उर्फ सुनील कुशवाहा निवासी ग्राम चुरबरा के पास से एक पीवी-100 वीडियो कैमरा, कैमरे की दो बैटरी, डिजीटेक चार्जर, एलएडी लाईट, तीन बैटरी, एक चार्जर, घटना में प्रयुक्त टीव्हीएस मोटर साईकिल क्रमांक यूपी 95 पी 9356 और 315 बोर का देशी कट्टा-कारतूस जब्त किया गया है। दूसरे आरोपी सुरेन्द्र यादव निवासी ग्राम चुरबरा के पास से टीव्हीएस मोटर साईकिल क्रमांक यूपी 95 जे 2758, एक टूटा हुआ आई फोन और बांस का डण्डा बरामद किया गया है। तीसरे नाबालिग आरोपी के पास से निकॉन 5600 डी कैमरा, दो बैटरी, एक चार्जर, सैनडेस्क कार्ड 64 जीबी और 32 जीबी जप्त किया गया है। बालिग आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल में दाखिल किया गया है जबकि नाबालिग किशोर को बाल सुधार भेजा गया है। कार्यवाही में जुझारनगर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह के अलावा उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## ओरछा रोड थाना पुलिस ने बाइक चोर को दबोचा

### बेचने के लिए झाडिय़ों में छिपा रखी थी चोरी की बाईक



**छतरपुर।** एसपी अगम जैन द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों के फरार आरोपी, निगरानी बदमाश, गिरफ्तारी वारंटी, स्थायी वारंटियों, अपराधिक गतिविधियों, अपराधिक व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के परिपालन में ओरछा रोड थाना प्रभारी उप निरीक्षक पुष्पेंद्र यादव ने थाना में दर्ज एक बाईक चोरी के अपराध में लिप्त आरोपी को गिरफ्तार करने की कार्यवाही की है।

ओरछा रोड थाना प्रभारी उप निरीक्षक पुष्पेंद्र यादव ने बताया कि थाना में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 357/23 धारा 379 के मामले में उनकी टीम विवेचना करते के लिए ट्रांसपोर्ट नगर पहुंची थी, जहां एक संदेही छिप कर पुलिस की कार्यवाही को देख रहा था। पुलिस ने संदेही को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की, जिसमें संदेही ने अपना आकाश पिता संतोष गुजराती उम्र 35 वर्ष निवासी ट्रांसपोर्ट नगर बताया। आकाश ने बताया कि सूरज गुजराती से उसकी पुरानी रंजिश थी जिसके चलते उसने सूरज की हीरो डीलक्स बाईक चोरी की और उसे बेचने के उद्देश्य से सौंरा पहाड़ी के पास झाडिय़ों में छिपा दिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की बाईक जप्त कर ली है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जिला जेल भेज दिया गया है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी के अलावा प्रधान आरक्षक हितेंद्र, आरक्षक गुलाब, शिवम, भगवानदास और संजीव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जिला बदर अपराधी और दो स्थाई वारंटियों को पुलिस ने पकड़ा



**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा आचार संहित के मद्देनजर चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के तहत सिविल लाइन थाना पुलिस ने एक जिला अपराधी और दो स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी निरीक्षक वाल्मीकि चौबे ने बताया कि जिला बदर आरोपी तबरेज खान निवासी संकट मोचन पहाडिय़ा के छतरपुर जिले की सीमा में होने की सूचना उन्हें मुखबिर से मिली थी। संबंधित स्थान पर दबिश देकर तबरेज खान को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी लेने पर उसके पास कट्टा-कारतूस मिला है, जिससे वह किसी वारदात को अंजाम देने वाला था। तबरेज के विरुद्ध भारतीय दंड विधान की धारा 188, मध्य प्रदेश सुरक्षा अधिनियम धारा 14 एवं आयुध अधिनियम 25/27 का अपराध पंजीबद्ध कर उसे जेल भेजा गया है। इसके अलावा चैक बाउंस मामले में फरार चल रहे दो स्थाई वारंटियों को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी के अलावा उप निरीक्षक धर्मेंद्र रोहित, सहायक उप निरीक्षक मदन मोहन दुबे, प्रधान आरक्षक उमेश तिवारी, वीरेंद्र, राजीव, आरक्षक चंद्रशेखर, महिला प्रधान आरक्षक नीलम घोष, महिला आरक्षक अंजली गंगेले की सराहनीय भूमिका रही।

## नशा विरोधी मुहिम के तहत पकड़ी गई 90 लीटर अवैध शराब



**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा नशाखोरों एवं मादक पदार्थों के विक्रय के विरुद्ध शुरु की गई नशा विरोधी मुहिम के तहत बमीठा थाना की पुलिस टीम द्वारा छापामार कार्यवाही करते हुए एक स्थान से 90 लीटर अवैध शराब जप्त की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 50 हजार रुपए है। बमीठा थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पक शर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम झमटुली में एक व्यक्ति द्वारा अवैध तरीके से शराब का भंडारण किए जाने की सूचना उन्हें मुखबिर से मिली थी। उक्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापामार कर संबंधित स्थान से 10 खाकी रंग के कार्टून जप्त किए। पड़ताल करने पर कार्टून में सनी कंपनी के 500 क्वार्टर मिले जिनमें कुल 90 लीटर शराब थी। उक्त अवैध शराब को जप्त कर आरोपी भोला पटेल उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम झमटुली के विरुद्ध थाना बमीठा में आबकारी अधिनियम धारा 34/2 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया और आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी के अलावा सहायक उपनिरीक्षक अशोक शर्मा, प्रधान आरक्षक रामकृपाल, आरक्षक भानु पटेल, आरक्षक उदयवीर, आरक्षक नीकेश यादव, एवं सैनिक बृज बिहारी की अहम भूमिका रही।

# होली में हुड़दंग मचाने वालों पर रहेगी पैनी नजर

## सोशल मीडिया पर होगी निगरानी, चप्पे-चप्पे पर तैनात होगी पुलिस

### चुनाव और त्यौहारों को लेकर प्रशासन ने बनाई रणनीति



छतरपुर।

आगामी सप्ताह से लगभग एक माह तक पुलिस और प्रशासन के सामने समाज में शांति स्थापित रखने की बड़ी चुनौती है। इस एक माह में होली, ईद, रामनवमीं जैसे त्यौहार आने हैं साथ ही लोकसभा का चुनाव प्रचार और मतदान भी होना है। जाहिर है किसी भी अनहोनी से बचने और कानून व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। गुरूवार को कलेक्टर संदीप जीआर और पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने शांति समिति की बैठक के माध्यम से भी समाज के प्रबुद्ध लोगों को अपनी रणनीति के बारे में जानकारी देते हुए उनसे सहयोग की अपील की। कलेक्टर संदीप जीआर ने कहा कि छतरपुर की पहचान एक शांतिप्रिय जिले के रूप में है जहां सभी त्यौहारों को हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाता है। इस वर्ष भी हमें यही संदेश देना है इसलिए हम सबको आगे आकर इसकी जिम्मेदारी उठानी होगी। किसी भी समाज, धर्म, जाति को लेकर आपत्तिजनक बयानबाजी न करें, सोशल मीडिया पर घृणा फैलाने वाली पोस्ट डालने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। होलिका दहन में इस बात का ध्यान रखें कि घरों, बिजली के तारों के आसपास आगजनी न हो, किसी को बगैर उसकी अनुमति के रंग न लगाएं, महिलाओं के साथ छींटाकसी और अभद्रता न करें, नशे से बचें और नशा करके वाहन न चलाएं। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से भी अपील की है कि वे अपने समाज और धर्म के लोगों के बीच यह संदेश पहुंचाएं कि हमें मिल-जुलकर त्यौहार मनाना है। बैठक के दौरान कलेक्टर ने नगर पालिका को स्वच्छता रखने, बिजली विभाग को निर्बाध रूप से सेवाएं देने के निर्देश भी दिए।

### नशा करने वालों पर होगी कार्यवाही

एसपी अगम जैन ने बताया कि होली के त्यौहार पर कुछ लोग नशे के साथ हुड़दंग करते हैं इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी धार्मिक स्थलों, चौक चौराहों, और सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस बल तैनात रहेगा। हम ऐसे लोगों पर भी नजर रखेंगे जो नशा करने के बाद महिलाओं से अभद्रता करते हैं या तेज रफ्तार में वाहन चलाते हैं। इन लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में शांति समिति के सभी सदस्य और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।



## दस्तावेज, जेवरात और बाईक चोरी करने वाला गिरफ्तार

### दो दिन में हुई दो चोरियों का पुलिस ने किया खुलासा

**छतरपुर।** लवकुशनगर थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर गत 20 और 21 मार्च को हुई चोरियों को अंजाम देने वाला आरोपी पुलिस के हाथ लग गया है। लवकुशनगर थाना प्रभारी ने दोनों चोरियों का माल बरामद करते हुए गुरूवार को चोरियों का खुलासा किया।

लवकुशनगर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत कुमार सेन ने बताया कि 20 मार्च 2024 को ग्राम मढ़ा निवासी राकेश कुमार अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि दोपहर के वक्त किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके घर से दस्तावेज और जेवरात से भरा बैग चोरी कर लिया है। राकेश की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 454, 380 के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरु की। इसके अगले दिन 21 मार्च को किशना पाल उम्र 45 साल निवासी गिरधौरी ने खेत पर बनी झोपड़ी से अपनी बाईक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। इस प्रकरण में पुलिस ने धारा 379 के तहत मामला पंजीबद्ध किया। चोरी के दोनों मामलों की विवेचना करते हुए पुलिस ने संदेही दिलीप कुमार पिता ठाकुरदास पटेल उम्र 20 साल निवासी खपटया को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की, जिसमें दिलीप ने दोनों घटनाओं को अंजाम देना कबूल कर लिया। दिलीप के कब्जे से दोनों चोरियों का पूरा माल बरामद कर लिया गया है। जेआर पर न्यायालय पेश में पेश किए जाने के बाद दिलीप को न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी के अलावा सहायक उप निरीक्षक जेपी अहिरवार, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र सिंह, अनीस अहमद, आरक्षक सूरज शर्मा, रमाकांत तिवारी, चांद खां, उमेश वर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में समस्त थानो में डी जे संचालकों की ली बैठक



शहडोल।

लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता ने समस्त थाना प्रभारियो को निर्देशित किया गया की वर्तमान समय में आदर्श आचार संहिता लागू है तथा आगामी दिनो में आने वाले त्यौहारो में डी जे का प्रयोग किया जायेगा। इस स्थिति में डी जे संचालकों की बैठक आयोजित कर आदर्श आचार संहिता का पालन करने हेतु बैठक आयोजित कि गई। समस्त थाना क्षेत्रो में डी जे संचालकों की बैठक आयोजित की गई एवं बताया गया की। 1. वर्तमान समय में दिनांक 16 मार्च 2024 से दिनांक 06 जून 2024 तक निर्वाचन कार्य समाप्ति तक आदर्श आचार संहिता लागू है एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित है। 2. बिना अनुमति के व प्रतिबंधित निर्धारित समय में डी जे न बजाये। 3. 10 डी.बी.ए. से अधिक आवाज नही होना चाहिये। 4. रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 06:00 बजे तक डीजे बजाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। 5. संचालक अपने किसी भी प्रोग्राम में रात 10 बजे के बाद कोई भी डीजे साउंड नहीं बजायेंगे। 6. अगर कोई डी जे संचालक नियमों के अवहेलना करता हुआ पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी



### गौरैया में लगाया गया

**छतरपुर।** शासकीय कन्या पीजी महाविद्यालय छतरपुर के एनएसएस ईकाई के विशेष शिविर के छठवें दिन आज शासकीय प्राइमरी शाला गौरैया में स्वास्थ्य चिकित्सा परीक्षण का आयोजन किया गया जिसमें जिला अस्पताल छतरपुर से पधारे डॉ बद्री पटेल एवं उनकी टीम में भुवनेश्वर पटेल एवं रामलाल पटेल ने कैंप की छात्राओं एवं ग्राम गौरिया की महिलाओं, बालिकाओं एवं बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। बीपी एवं वजन नाप के एनीमिया से ग्रसित महिलाओं की समस्याएं का परीक्षण कर, उसके इलाज के लिए डॉ बद्री पटेल ने दवाइयां लिखकर दी। ग्रामवासी इस पहल से बहुत ज्यादा खुश एवं उत्साहित थे। बौद्धिक परिचर्चा सत्र में महाविद्यालय के डॉ शिवेंद्र सिंह ने महिलाओं के स्वास्थ्य पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि ज्यादातर महिलाएं एनीमिया की शिकार हो जाती हैं क्योंकि वह संतुलित भोजन नहीं करती एवं अधिक पानी भी नहीं पीती इसलिए सभी को संतुलित एवं पौष्टिक भोजन करना चाहिए।

## इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज हुई दिनेश शर्मा की कलाकारी

### भारत की सबसे बड़ी लड्डू गोपाल प्रतिमा बनाने का गौरव मिला

छतरपुर।

छतरपुर ही नहीं बल्कि समूचे बुन्देलखण्ड में विख्यात युवा कलाकार दिनेश शर्मा की मूर्तिकला को एक राष्ट्रीय उपलब्धि हासिल हुई है। उनके द्वारा शहर के पुलिस लाइन तिराहे के समीप स्थित मंदिर में स्थापित कराई गई भगवान लड्डू गोपाल की प्रतिमा को देश की सबसे बड़ी लड्डू गोपाल प्रतिमा का गौरव प्राप्त हुआ है। उनकी इस उपलब्धि को इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज किया गया है।

उल्लेखनीय है कि 22 जनवरी को जब अयोध्या में भगवान रामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हो रही थी तभी छतरपुर में पुलिस लाइन तिराहे के समीप स्थित भगवान लड्डू गोपाल के मंदिर में भी उनकी प्रतिमा को स्थापित किया गया था। यह प्रतिमा दिनेश शर्मा ने अपने कला कौशल से निर्मित की है। प्रतिमा की ऊंचाई और इसका आकार देश में किसी भी लड्डू गोपाल प्रतिमा से अधिक है। इस प्रतिमा को धातु से बनाया गया है जो कि देश की सबसे ऊंची धातु निर्मित लड्डू गोपाल प्रतिमा है। दिनेश शर्मा ने इस मूर्ति का निर्माण किया और जब उन्हें यह ख्याति मिली कि यह प्रतिमा देश की सबसे बड़ी लड्डू गोपाल प्रतिमा है तब



उनकी भतीजी के द्वारा इंडिया बुक रिकाडर्स के लिए आवेदन दिया गया। संस्थान ने उनकी कलाकारी का प्रमाणीकरण करने के बाद उन्हें



मेडल भेजकर प्रमाण पत्र व सम्मान प्रेषित किया है साथ ही उन्हें सम्मान समारोह के लिए दिल्ली आमंत्रित किया गया है।

## नव विवाहित ने खाया जहर, इलाज के दौरान मौत



**छतरपुर।** सटई थाना क्षेत्र के अतरार गांव की एक महिला ने अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया और इलाज के दौरान बुधवार की देर रात जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद जिला अस्पताल चौकी पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव का पोस्टमार्टम कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजनगर क्षेत्र के उदयपुरा गांव की 18 वर्षीय राजकुमारी अहिरवार का विवाह दो साल पहले अतरार गांव के जयप्रकाश अहिरवार के साथ हुआ था और 6 माह पूर्व राजकुमारी ने एक बच्चे को जन्म दिया था। मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे जब पूरा परिवार खेत पर था तभी राजकुमारी ने जहर खा लिया। जानकारी लगने के बाद परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए लेकिन तब तक जहर पूरे शरीर में फैल चुका था। दो दिनों तक उसका चलता रहा और अंततः उसने दम तोड़ दिया। मृतिका के पिता चपटा अहिरवार ने बताया कि जब से राजकुमारी ने संतान को जन्म दिया तभी से वह बीमार रहती थी। संभवतः इसी से तंग आकर उसने जहर खाया है। वहीं मृतिका के पति जयप्रकाश अहिरवार ने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब 9 वह खेत में फसल काट रहा था, तभी पड़ोसी ने फोन पर घटना की जानकारी दी थी।

## खबर संक्षेप

### लोकसभा का चुनाव मतपत्र से होः एआईएफबी

**रीवा** । ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक रीवा संभाग के अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह कल्चुरी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में चार सौ पार का नारा दिया है वह किसी के गले नहीं उतर रहा है। कल्चुरी ने कहा कि म.प्र., छ.ग., राजस्थान, गुजरात, हिमांचल प्रदेश, विहार, झारखण्ड, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तराखण्ड, हरियाणा, पंजाब, जम्मू-श्मीर, चण्डीगढ़, दिल्ली की 340 सीटों में से लगभग 295 सीटे भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में गटबंधन के साथ जीती थी जबकि वर्तमान लोकसभा 2024 में स्थित विपरीत है, कर्नाटक, तेलंगाना, हिमांचल प्रदेश, झारखण्ड, विहार, महाराष्ट्र, पंजाब, दिल्ली जैसे राज्य में पूरी की पूरी सीट जीतना असंभव सा है, तो क्या प्रधानमंत्री ईव्हीएम माता पर भरोसा कर चार सौ पार करना चाहते हैं? यह विचारणीय प्रश्न है। कल्चुरी ने कहा कि देश की जनता को ईव्हीएम मशीन पर भरोसा नहीं रह गया है इसलिए चुनाव आयुक्त को मतपत्र से चुनाव कराना चाहिए।

### शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन



**रीवा**। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम, रीवा के टाउन हॉल में नागरिकों और कर्मचारियों के लिए 21 मार्च 2024 को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जांच की गई। इस शिविर में ब्लड सैंपल के माध्यम से विभिन्न स्वास्थ्य पैरामीटर्स की जांच की गई। नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत परीक्षण शिविर 09 मार्च 2024 से 22 मार्च 2024 तक निरंतर नगर के विभिन्न स्थानों में आयोजित हो रहा है। इसमें लोगों को ब्लड प्रेशर, ग्लूकोज, हेमोग्लोबिन आदि की जांच की जा रही है। निगम आयुक्त एवं खंड चिकित्सा अधिकारी ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए लोगों से सहयोग की अपील करते हुये स्वास्थ्य जांच कराने का आग्रह किया है। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का उद्देश्य नगर में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ाने और स्वस्थ जीवन जीने की गुणवत्ता को सुनिश्चित करना है। उक्त स्वास्थ्य परिक्षण शिविर में जिला चिकित्सालय के चिकित्सक व दल एवं नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं आम नागरिकगण उपस्थित रहे।

### कलेक्टर एवं राजनैतिक दलों की प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला गया ईव्हीएम गोदाम

**उमरिया**। लोकसभा निर्वाचन 2024 में उपयोग की जाने वाली ईव्हीएम मशीनों के प्रथम रेण्डमाईजेशन के पश्चात विधानसभावार मशीनों के वितरण हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन की उपस्थिति में ईव्हीएम गोदाम खोला गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवगोविंद सिंह मरकाम, सहायक रिटर्निंग आफीसर बांधवगढ़ रीता डेहरिया, सहायक रिटर्निंग आफीसर मानपुर कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर हरनीत कौर कलसी, अंबिकेश प्रताप सिंह, सहायक नोडल अधिकारी एसपीकुंभकार, अनुपम त्रिपाठी, प्रियंक अग्रवाल, मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा, भाजपा से दीपक छत्तवानी, विनय मिश्रा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी से राजीव सिंह, आप पार्टी से अशोक कुमार राय, बहुजन समाज पार्टी से प्रदीप कुमार रजक, निर्वाचन सुपरवाईजर हरिशंकर झारिया उपस्थित रहे।

### महानदी नाका का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

**उमरिया**। लोक सभा निर्वाचन 2024 के परिपेक्ष्य में उमरिया एवं कटनी जिले की सीमा में वन चौकी महानदी के पास बनाये गये अंतर जिला नाका का कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने औचक निरीक्षण किया।

# घर में घुस कर मारपीट व चाकू दिखाकर लूटपाट

## आरोपी को न्यायालय ने सुनाई 10-10 वर्ष की कठोर कारावास की सजा

रीवा

द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश समक्ष विक्रम सिंह के न्यायालय में विचाराधीन सत्र प्र.क्र.8/2018 थाना मनगवां के अपराध क्र.380/2013 धारा 458, 394, 120वी भादवि.के आरोपी रानू उर्फ वृजेन्द्र कुमार पाण्डेय तनय राजेश कुमार पाण्डेय उम्र 21 वर्ष निवासी जोड़ौरी थाना मनगवां के विरुद्ध अपराध प्रमाणित पाते हुए धारा 458 में 10 वर्ष धारा 394 में 10 वर्ष व धारा 120वी में 10 वर्ष का सश्रम कारावास व प्रत्येक धारा में 3-3 हजार रुपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया, अर्थदण्ड के व्यतिक्रम पर प्रत्येक धाराओं में 1-1 वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगताया जाय। अभियोजन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक नीलग्रीव पाण्डेय द्वारा की गई। अतिरिक्त लोकअभियोजक ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 1.12.2013 को रात्रि साढ़े 7-8 बजे फरियादी मोहन सिंह व उसकी पत्नी आशा सिंह निवासी अटारी रघुराजगढ़ थाना मनगवां अपने घर में दरबाजा बंद कर खाना खा रहा था तथा नौकर वृजेश यादव भी था तभी किसी ने दरबाजा खटखटाया तो फरियादी के कहने पर नौकर वृजेश ने दरबाजा खोला तो तीन व्यक्ति घर के अन्दर आ गये जिसमें एक व्यक्ति जिसकी उम्र लगभग 23-24 साल थी जो नीलें सफेद धारीदार जर्सी पहने था बोला मोहन सिंह का घर यही है, तथा दो अन्य व्यक्ति जिनकी उम्र 22 से 25 वर्ष रंग गोरा सफेद टी शर्ट व काला पैन्ट पहने व्यक्ति ने फरियादी को पकड़ कर पलंग में लिटाकर जबड़ा दबाकर चाकू दिखाकर बोले तुम्हारा रुपया डेरा कहां है तभी एक व्यक्ति फरियादी के पत्नी के गले से चैन तथा अंगूठी छीन लिया और तीनों दूसरे कमरे में रखी आलमारी खोलकर 20 हजार रुपये नगदी तथा एक जोडे सोने के झुमके, चांदी की पायल एवं बैक की पासबुक अन्य कागजात लूट लिया नौकर ने हल्ला गोहार किया तो तीनों व्यक्ति मोटर साइकिल जो बाहर खडी थी में बैठकर रघुराजगढ तरफ भाग गये। फरियादी की उक्त सूचना पर थाना मनगवां में अपराध क्र.380/2013 धारा 458, 394, 120वी का अपराध आरोपी आशीष कुमार मिश्रा उर्फ मुन्ना तनय राधाकांत मिश्रा उम्र 24 वर्ष निवासी कोलहुआ थाना सिल्ल जिला मिर्जापुर उत्तर प्रदेश, रानू उर्फ बृजेन्द्र कुमार पाण्डेय तनय राजेश कुमार पाण्डेय उम्र 21 वर्ष निवासी जोडौरी थाना बैकुन्ठपुर जिला रीवा, राजेश पाण्डेय उर्फ मुन्नू तनय रामेश्वर प्रसाद पाण्डेय उम्र 38 वर्ष निवासी रघुराजगढ थाना मनगवां जिला रीवा, सुधीर त्रिपाठी तनय दिग्विजय नाथ त्रिपाठी उम्र 25 वर्ष निवासी जोडौरी थाना बैकुन्ठपुर जिला रीवा के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी आशीष के फरारी में चालान प्रस्तुत किया गया विचारण दौरान निर्णय के पूर्व सुधीर त्रिपाठी फरार घोषित किया गया, आरोपी राजेश पाण्डेय के विरुद्ध अपराध प्रमाणित न होने व साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त किया गया व आरोपी रानू उर्फ वृजेन्द्र कुमार पाण्डेय के विरुद्ध अपराध प्रमाणित पाते हुए दोष सिद्ध घोषित किया गया। दण्ड के प्रश्न पर उभयपक्ष को सुना गया। अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक नीलग्रीव पाण्डेय के द्वारा अपराधी को तथ्य परिस्थिति, अपराध की गंभीरता को देखते हुए अधिकतम कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया जिस पर न्यायालय समक्ष श्री विक्रम सिंह द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा आरोपी को धारा 458, 394, 120वी में प्रत्येक धाराओं पर 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 3-3 हजार रुपये अर्थदण्ड का दण्डादेश पारित किया है। अर्थदण्ड के व्यतिक्रम का 1-1 वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगताया जाय। आरोपी जमानत पर था जिसे केन्द्रीय कारागार भेजा गया।

## म.प्र.लघु वेतन कर्मचारी संघ ने उप प्रान्ताध्यक्ष का किया सम्मान

रीवा



मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के जिला कार्यकारिणी की बैठक संघ कार्यालय कोठी कम्पाउण्ड रीवा में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता उप प्रान्ताध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष रीवा के.सी.त्रिपाठी ने की। बैठक में प्रान्तीय कार्यकारणी द्वारा उप प्रान्ताध्यक्ष मनोनीत किये जाने के उपलक्ष में जिला कमेटी के द्वारा के.सी. त्रिपाठी का सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मान किया गया, साथ ही पूर्व संभागीय अध्यक्ष सूर्यवली बुनकर एवं पूर्व जिलाध्यक्ष रोशनलाल तिवारी को विदाई दी गई। प्रान्तीय कार्यकारिणी के अनुमोदन पश्चात नेपाल सिंह को प्रान्तीय कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में स्थान दिया गया तो वहीं धर्मपाल पटेल को संभागीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौपी गई, एडवोकेट जवाहरलाल दुवे को संगठन का विधि सलाहकार नियुक्त किया गया। इस अबसर पर उप प्रान्ताध्यक्ष ने सूर्यवली बुनकर एवं रोशनलाल तिवारी के द्वारा संगठन को दिये गये सहयोग की प्रसंशा की गई उन्होने कहा कि सूर्यबली बुनकर एवं रोशनलाल तिवारी सेवानिवृत्त भी हो चुके है वावजूद इसके उनका सहयोग संगठन को प्राप्त होता रहा जिसके लिये साधुवाद के पात्र है। अच्छे कार्य करने वाले कर्मचारियों को उप प्रान्ताध्यक्ष ने प्रशस्ति पत्र भी वांटा। इस अवसर पर संरक्षक मोतीलाल शर्मा, कोषाध्यक्ष मनोरंजन यादव, उपाध्यक्ष छोटेलाल गुप्ता, संयोजक दीपक कुमार साकेत, तहसील अध्यक्ष सुरेश प्रताप सिंह, गोरेलाल तिवारी, संतशरण शर्मा, सुग्रीव प्रसाद साकेत, रावेश प्रताप सिंह, कमला दुवे, रेणू गुप्ता, महिमा साकेत, सीता चतुर्वेदी, रामदयाल विश्वकर्मा, रामदरश तिवारी, वृजेन्द्र कुमार दुवे, विपिन कुमार पाण्डेय, देवनारायण पटेल, इन्द्रदेव वर्मा, रामजी विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

## धारदार हथियार लेकर घूम रहे युवक को पुलिस नें भेजा सलाखों के पीछे

### गंभीर वारदात की फिराक में धारदार हथियार लेकर घूम रहे एक आरोपी को गोविन्दगढ़ थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है

रीवा




थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल द्वारा स्टाफ सहित बुधवार को मुख़बिर की सूचना पर मड़वा मोड के पास अवैध चाकू लिए घूम रहा आरोपी आशीष उर्फ संदीप लुनिया पिता शेष मनी लोनिया उम्र 22 वर्ष निवासी प्रेम नगर मड़वा थाना गोविंदगढ़ जिला रीवा के पास एक लोहे का धारदार चाकू लिए घूमते पाए जाने पर से थाना गोविन्दगढ़ रीवा में अपराध क्रमांक 69/2024 धारा 25-B आर्म्स एक्ट कायम कर अभिरक्षा में लिया गया युवक के कब्जे से एक धारदार चाकू जप्त की गई जिसको न्यायालय में पेश करके भेजा गया सलाखों के पीछे।

## संस्था द्वारा विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन





रीवा

स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्थान द्वारा पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कॉलेज में विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस के उपलक्ष्य पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कॉलेज के डायरेक्टर डॉ.बी एन त्रिपाठी जी, विशिष्ट अतिथि के रूप में एस जी एम एच के पूर्व अधीक्षक डॉ. सी . बी.शुक्ला जी, एकेडमिक डायरेक्टर पेंटियम पॉइंट कॉलेज डॉ. एस. के. त्रिपाठी और डॉ सरोज सोनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष माननीय राम सेवक साहू जी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से की गई। विषय विशेषज्ञ के रूप में दिवाकर सिंह सिकरवार जी क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट मानसिक रोग विभाग एस. जी.एम.एच.एवं प्राचार्या ऊषा साहू जी आशुतोष गुप्ता प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष बायोटेक विभाग एवं देवांशी द्विवेदी प्रोफेसर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डाउन सिंड्रोम के लक्षण एवं निदान शीघ्र पहचान और शीघ्र हस्तक्षेप , गुणसूत्रीय विकार आदि के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में विकलांगता की रोकथाम हेतु इस जागरूकता कार्यक्रम को बहुत ही महत्वपूर्ण बताया ।कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में सभी विशेषज्ञों एवं अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट की गई ।इस अवसर पर कॉलेज के लगभग 180 छात्र छात्राओ एवं कॉलेज स्टाफ ने भाग लिया। संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष राम सेवक साहू जी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## सूर्योदय के पहले ही लोकसभा सीट रीवा में कांग्रेस का दिख रहा सूर्यास्त

रीवा



लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी का भले ही कोई प्रत्याशी घोषित न हुआ हो लेकिन रीवा कांग्रेस के कर्णधार चुनाव मैदान में अलख जगाने में जुट गये। लेकिन दो दिनों से जो हालात सामने निकल कर आ रहे है उससे ऐसा महसूस होता है कि रीवा लोकसभा सीट में कांग्रेस सूर्योदय के पहले ही सूर्यास्त की ओर चल पड़ा है। बुधवार के दिन तराई अंचल से कांग्रेस को बड़ा झटका लगा। तराई अंचल में मांझी समाज पर अपनी पैठ बना कर जनपद सदस्य से लेकर जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य तक का सफर तय करने वाली कांग्रेस की दिग्गज महिला नेत्री गीता मांझी ने अपनी घर वापसी कर ली। सांसद जनार्दन मिश्रा एंव उप मु यमंत्री राजेंद्र शुक्ला के हाथों अपने साथियों के साथ ।ाजपा में सदस्यता ले ली। इस सदमें से रीवा के कांग्रेसी उबर भी नहीं पाये थे कि शुक्रवार के दिन रीवा के कांग्रेसियों को एक और बड़ा झटका लग गया। पूर्व सांसद देवराज सिंह पटेल ने मु य मंत्री डॉ. मोहन यादव के हाथों भाजपा में सदस्यता ले ली। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा, प्रदेश संयोजक नरोत्तम मिश्रा, सतना सांसद गणेश सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। पूर्व सांसद देवराज सिंह पटेल के भाजपा में विलय हो जाने से यह माना जा रहा है कि ओबीसी समाज में पटेल वर्ग का एक बड़ा बोट कांग्रेस के हाथों से खिसक गया। बताते चले कि पूर्व सांसद देवराज सिंह पटेल 15 वीं लोकसभा चुनाव में सन 2009 से 2014 तक रीवा संसदीय सीट से सांसद बनकर जिले का प्रतिनिधित्व किया था। उन दिनों देवराज सिंह पटेल ने बसपा से रीवा के दिग्गज नेता रहे कांग्रेस से सुंदरलाल तिवारी एंव सपा से चुनाव मैदान में उतरे पुष्पराज सिंह को हरा कर सांसदी का सेहरा सिर पर बंधा था।

बाक्स कांग्रेस में नहीं मिलता मान-स मान

कांग्रेस पार्टी छोड़े जाने की खबर पर पूर्व सांसद देवराज सिंह ने चर्चा के दौरान बताया कि कांग्रेस पार्टी में कार्यकर्ताओं को मान-स मान नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि मैं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ से जुड़कर कांग्रेस पार्टी में सदस्यता ली थी। लेकिन अब प्रदेश की कमान जीतू पटवारी के हाथों में है और जीतू पटवारी अपने ही पार्टी के कार्यकर्ताओं का स मान नहीं करते। मैने कांग्रेस में रहकर कोई टिकट की लालसा नहीं की, क्योकि मैं सांसद रह चुका है मुझे तो केवल मान स मान चाहिये था, जो वहां नहीं मिला। उन्होने कहा कि अब भाजपा के साथ मिलकर देश के यसस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रीति नीत पर चल कर रीवा सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे सांसद जनार्दन मिश्रा को जीत हासिल करवा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## ईव्हीएम का प्रथम रेण्डमाइजेशन संपन्न



### कलेक्टर और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के सामने हुआ ईव्हीएम रेण्डमाइजेशन

रीवा

लोकसभा निर्वाचन में मतदान के लिए प्रयुक्त होने वाली ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट का प्रथम रेण्डमाइजेशन कार्य राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कलेक्ट्रेट के एनआईसी में जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल की उपस्थिति में ईव्हीएम का रेण्डमाइजेशन किया गया। इस दौरान 2014 मतदान केन्द्रों के लिए 2414 कंट्रोल यूनिट, 2414 बैलेट यूनिट तथा 2615 व्हीव्हीपैट का रेण्डमाइजेशन हुआ। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के अनुसार 20 प्रतिशत अतिरिक्त मशीनें दी जा रही हैं। इनका विधानसभावार वितरण कर इंजीनियरिंग कालेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में संधारण 22 मार्च को किया जाएगा। ईव्हीएम रेण्डमाइजेशन की कार्यवाही जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष पटेल तथा नोडल अधिकारी ईव्हीएम एवं कार्यपालन यंत्री जल संसाधन आदित्य सिंह द्वारा संपन्न कराई गई। इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले, सहायक नोडल ईव्हीएम फैज मोइन सिद्दीकी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने जागरूकता रथों को दिखाई हरी



रीवा

लोकसभा निर्वाचन के लिए रीवा संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। प्रत्येक मतदाता की मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदाता जागरूकता का संदेश देने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा रीवा और मऊगंज जिले के लिए आठ मतदाता जागरूकता रथ भेजे गए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने इन रथों को हरी झण्डी दिखाकर जिले में भ्रमण के लिए रवाना किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले, नोडल अधिकारी स्वीप आशीष दुबे, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास जीवेन्द्र सिंह तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक रथ 20 अप्रैल तक संबंधित एसडीएम द्वारा निर्धारित रूटचार्ट के अनुसार भ्रमण करेगा। रथ में विभिन्न ऑडियो-विजुअल माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता जागरूकता रथों का भ्रमण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

## मतदाता जागरूकता के लिए पोस्टर प्रतियोगिता हुई आयोजित

**रीवा। लोकसभा चुनाव के लिए रीवा संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। प्रत्येक मतदाता को मताधिकार के उपयोग के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। इसके लिए जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।**



अभियान के तहत जिले के विभिन्न कालेजों में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस संबंध में स्वीप प्रभारी अधिकारी तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि शासकीय कालेज गुढ़ में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में मतदाता जागरूकता से संबंधित कई आकर्षक पोस्टर विद्यार्थियों ने बनाए। प्रतियोगिता में रितिक दुबे को प्रथम, अर्पित पटेल को द्वितीय तथा सुप्रिया पाठक को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रभारी अधिकारी डॉ संदीप कपूर ने प्रतियोगिता का संचालन किया। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले भर के कालेज तथा स्कूलों में दीवार लेखन कराया गया। विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता से जुड़े आकर्षक नारे दीवारों में अंकित किए। शासकीय कालेज गुढ़, शासकीय वेंकट महाविद्यालय तथा शासकीय कालेज गोविंदगढ़ के छात्र-छात्राओं ने दीवार लेखन एवं पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया। शासकीय महाविद्यालय रायपुर कर्चुलियान में जागरूकता रैली निकाली गई तथा मतदाता जागरूकता की शपथ ली गई।